प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 19.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक आयोजित की जा रही है। कैबिनेट के बाद मंत्री परिषद की बैठक होगी। बैठक में राजस्व, कार्मिक और ऊर्जा विभाग सहित कई अन्य विभागों से जुड़े एजेंडे को मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 25 सितंबर के दौरे की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों को लेकर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

0000

जयपुर के राजस्थान पुलिस अकादमी में आज राजस्थान पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 5वें बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुंधाश पंत, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा और महानिदेशक प्रशिक्षण अशोक राठौड सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस सेंगाथिर ने बताया कि ट्रेनी पुलिस अधिकारी की परम्परा के अनुसार शपथ ग्रहण करायी गई। इस पासिंग आउट परैड से राज्य को 76 आरपीएस अधिकारी मिले है, जिन्हें जल्द ही जिलों में भेजा जायेगा।

0000

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में कल एक सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। इस सेमिनार में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई शिरकत करेंगे। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के संविधान के निर्माण में योगदान को लेकर ये सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। बीकानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि विधि और न्याय मंत्रालय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और बार एसोसिएशन बीकानेर के बैनर तले आयोजित होने वाले इस सेमिनार में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के अलावा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता, विजय बिश्नोई और राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के साथ विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहेंगे।

0000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से रविवार तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चयन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती परीक्षा के लिए 24 लाख 75 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है। ये परीक्षा कुल 53 हजार 749 पदों के लिए हो रही है। अभ्यर्थियों की बडे पैमाने पर संख्या होने के कारण परीक्षा 6 पारियों में करवायी जा रही है। ये परीक्षा तीन दिन दो पारियों में सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा केंद्रों पर तीन स्तरीय जांच के बाद अभ्यर्थियों को भीतर प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग भी होगी।

0000

पाली के प्रधान डाकघर कार्यालय में आज डाक अदालत लगाई जा रही है। डाकघर अधीक्षक रमेशचंद्र मीणा ने बताया कि अदालत के माध्यम से काउंटर सेवा, डाक जीवन बीमा पॉलिसी, बीमाकृत वस्तुएं और विभिन्न विषयों पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जा रहा है।

0000

राजधानी जयपुर में आगामी 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में इसका मंचन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 22 सितम्बर को गणेश पूजन और नारद मोह लीला से होगी। इसके बाद राम जन्म, अहिल्या उद्धार, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर से लेकर लंका विजय और राम राज्याभिषेक तक सभी प्रमुख प्रसंग मंचित होंगे। 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर 51 फुट ऊंचे रावण का दहन होगा। इसके साथ ही मेले का भी आयोजन किया जायेगा।

0000

प्रदेश में मानसून की विदाई प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन इसी बीच एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। विभाग ने भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आज बारिश का पूर्वानुमान जताया है। पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। भरतपुर जिले के भुसावर में सर्वाधिक 38 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर ने आज अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, बारां, कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़ और उदयपुर समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

0000